PLACEMENT BY ICICI

TIMESPRO

22nd September 2022

TimesPro in association with Samrat Prithviraj Chauhan Government College, Ajmer invites you for the

Campus Placement Drive

Venue:
Samrat Prithviraj Chauhan Government College, Ajmer

Hiring partner:
ICICI Bank

Contact us: 7042237516

Placement Cell of S.P.C. Govt. College, Ajmer and ICICI Bank organized a Campus Placement Drive for the post of Relationship Manager on Thursday 22.09.2022 for the final year graduate and post graduate students. A total of 151 students appeared for an online MCQ test which was followed by a personal interview. It gives me immense pleasure to share with you all that 30 selected students will now be given 21 days on-line training after which they will get their posting.



Panelists from ICICI Bank.
Shri Amit Jain, Regional head sales, Ms.Charu Malhotra, Branch Head, Mr.Jitendra, Manager and Mr. Kamal, Manager.

Ex- Coordinator Shri H.S. Dua Sir addressing the students.

Students for placement drive.

एसपीसी जीसीए में 151 विद्यार्थियों ने रोजगार के लिए दी ऑनलाइन परीक्षा

इन्टरव्यू में सलेक्ट विद्यार्थियों को 21 दिन की ऑनलाइन ट्रेनिंग लेने पर मिलेगा गारन्टेड जॉब

का.सं./नवज्योति/अजमेर।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गुरुवार को परिसर में स्किल डवलपमेंट और प्लेसमेंट सेल के सहयोग से आईसीआईसीआई बैंक ने प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर 151 छात्र-छात्राओं की ऑनलाइन परीक्षा ली। उत्तीर्ण विद्यार्थियों के इन्टरव्यू लेकर सलेक्ट किए गए विद्यार्थियों को 21 दिन की ऑनलाइन ट्रेनिंग कराई जाएगी। ट्रेनिंग पूरी करने पर सभी को गारन्टेड रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

प्लेसमेंट सेल के कोर्डिनेटर डॉ. आलोक चतुर्वेदी ने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक ने रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए 400 विद्यार्थियों से गूगल फॉर्म भराए। इनमें से 151 विद्यार्थियों को स्क्रूटनी कर प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया। इन सभी की 1 घण्टे की ऑनलाइन लिखित परीक्षा ली जिसमें सामान्य ज्ञान, रीजनिंग, अंग्रेजी तथा गणित से संबंधित 150 सवाल पूछे। इस परीक्षा को पास करने वालों का इन्टरव्यू लिया जाएगा।

एसपीसीजीसीए में लिए गए विद्यार्थियों के इन्टरव्यू। -नवज्योति

विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ रोजगार भी मिल सकेगा

कॉलेज प्राचार्य डॉ. कायद अली खान ने बताया कि देश की प्रतिष्ठित कम्पनियां और बैंक कैम्पस इन्टरव्यू के माध्यम से विद्यार्थियों का सलेक्शन कर गारन्टेड जॉब देंगे। इससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही रोजगार भी मिल सकेगा। डॉ. एचएस दुआ और डॉ. भारती प्रकाश ने कोविड-19 के बाद रोजगार के क्षेत्र की संभावनाओं की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. कल्पना शर्मा, डॉ. रेनु शर्मा, डॉ. मीनाक्षी गहलोत, डॉ. विनय कुमार, डॉ. विजय नरवाल तथा खुशबू बंसल मौजूद रहे। आईसीआईसीआई बैंक के रीजनल हेड अमित जैन, ब्रांच हेड चारु मल्होत्रा, मैनेजर जितेन्द्र एवं कमल भी उपस्थित रहे। टाइम्स प्रो रिक्रूटमेंट ग्रुप द्वारा आकाश तिवारी और सूर्यांश ने इन्टरव्यू लिए। उल्लेखनीय है कि दैनिक नवज्योति ने 19 सितम्बर को पढ़ाई के साथ ही रोजगार की राह शीर्षक से खबर प्रकाशित कर इस नवाचार से अवगत कराते हुए अध्ययनरत विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान रोजगार उपलब्ध कराने की जानकारी दे दी थी।

प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हुए 151 स्टूडेंट्स

अजमेर | सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के स्किल डेवलपमेंट विभाग, प्लेसमेंट सेल और आईसीआईसीआई बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कोऑर्डिनेटर डॉ. आलोक चतुर्वेदी ने बताया कि आईसीआईसीआई बैंक द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर के पद के लिए महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के 400 विद्यार्थियों ने गूगल फॉर्म भरा था, जिनमें से 151 विद्यार्थियों को स्क्रूटनी कर महाविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए आमंत्रित किया गया।

डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि सभी आवेदनकर्ताओं ने 1 घंटे की ऑनलाइन लिखित परीक्षा दी, जिसमें सामान्य ज्ञान, रीजनिंग, अंग्रेजी और गणित से संबंधित 150 प्रश्न पूछे गए। इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी परीक्षार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार में उत्तीर्ण प्रतिभागियों की 21 दिन की ऑनलाइन ट्रेनिंग होगी उसके बाद उन्हें रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर जॉब दी जाएगी। मालूम हो कि आईसीआईसीआई बैंक द्वारा गत वर्ष महाविद्यालय से 21 विद्यार्थियों का चयन किया गया था, इस बार आईसीआईसीआई बैंक महाविद्यालय से 50 विद्यार्थियों का चयन करेगा।

इस मौके पर प्राचार्य डॉ. काइद अली खान ने कहा कि यह विद्यार्थियों का सौभाग्य है कि इस बार देश की अग्रणी कंपनियां और बैंक महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का चयन करने के लिए कैंपस इंटरव्यू करवा रहे हैं, इससे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

कोविड के बाद रोजगार के क्षेत्रों की दी जानकारी : प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान डॉ. एचएस दुआ और डॉ. भारती प्रकाश ने विद्यार्थियों को कोविड-19 के उपरांत रोजगार के क्षेत्र की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर डॉ. कल्पना शर्मा, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. मीनाक्षी गहलोत, डॉ. विनय कुमार, डॉ. विजय नरवाल और खुशबू बंसल उपस्थित थे। वहीं आईसीआईसीआई की ओर से रीजनल हैड सेल्स अमित जैन, ब्रांच हैड चारु मल्होत्रा, मैनेजर जितेंद्र और कमल पैनेलिस्ट के तौर पर मौजूद थे। टाइम्स प्रो रिक्रूटमेंट ग्रुप की ओर से आकाश तिवारी और [illegible] ने साक्षात्कार लिया।